तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

12 धूमधाम से मना दीपावली पर्व मिठाई खिलाकर ...



12 प्रकाश की दुनिया में आना ही दीपावली है : अंशु दीदी





# गौरा-गौरी का विवाहोत्सव मनाया, भव्य विसर्जन यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के ग्राम जिड़ार, गोपालपुर, कोदोभाठ, बरदुला, पथर्री, बोईरगांव, तौरेंगा, नाहनबिरी, भाठीगढ़ क्षेत्र के ग्रामो मे दशहरा पर्व के बाद से गौरा गौरी की विशेष पुजा अर्चना प्रारंभ किया गया , गांव के गौरा चौक मे रात मे सभी ग्रामीण एक जगह एकत्र होकर विशेष पूजा अर्चना कर देवी देवताओं की सवारी निकाली गई और दीपावली के रात गौरा गौरी की शोभायात्र बाजे गाजे के साथ निकाली गई और पुरे ग्राम का भ्रमण किया गया आदिवासी संस्कृति रीति रिवाज के अनुसार देवी देवताओं की सवारी निकाली गई, और पुरे रातभर ग्राम का भ्रमण कर सुबह तालाब में विसर्जन किया गया। आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा और गोंड़ी संस्कृति का प्रतीक ईश्वर राजा–गौरा माता विवाह महोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ बड़ा देव शक्तिपीठ, मंदागमुड़ा में संपन्न हुआ इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, महिला पुरुष, युवा, युवतियाँ तथा आदिवासी सगा समाज के प्रमुख जन उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। लोगों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ इस पवित्र विवाह समारोह में भाग लिया। हर वर्ष की तरह इस बार भी विवाह समारोह पारंपरिक गोंड़ी संस्कृति , परंपराओं और धार्मिक रीति रिवाजों के अनुरूप सम्पन्न कराया गया। ईश्वर राजा की भव्य बारा बाजा और लोक नृत्य गीतों की गूंज के बीच निकाली गई।

## आदिवासी परंपरा, आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम

### उत्सव का रंग

युवाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर इस ऐतिहासिक विवाह को जीवंत बना दिया। ईश्वर राजा की बारात जब गौरा माता के घर पहुँची, तब ग्रामवासी व श्रद्धालु झूम उठे। गोंडी परंपरा के अनुसार विधिवत वैवाहिक रस्में पूरी की गईं। पूरे क्षेत्र में मंगल गीतों और ढोल मांदर की थाप से उत्सव का रंग और गहराया।





### आगामी पीढ़ियों तक परंपरा को पहुंचाना है उद्देश्य

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की प्राचीन संस्कृति , परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवंत बनाए रखना और इन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम का सफल आयोजन गोंड़ी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, गोंडवाना संघ तथा युवा युवती प्रभाग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

## खबर संक्षेप

### आज पिथौरा प्रवास पर रहेंगे रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा मंगलवार 23 अक्टूबर को पिथौरा और बसना क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधायक पुरंदर मिश्रा दोपहर 12 बजे बसना के विप्र भवन में आयोजित स्व. लालबिहारी कर के दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 2 बजे पिथौरा ब्लॉक के ग्राम बल्दीडीह सांकरा पहुंचकर निर्माणाधीन मां वैष्णो देवी मंदिर पहुंचेगे करेंगे तथा पूजा-अर्चना कर स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ दीपावली मिलन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 5 बजे पिथौरा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात का होगा। पश्चात वे रायपुर रवाना होंगे।

### उधार की रकम मांगने पर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कसेकेरा में उधार का पैसा मांगने पर किराना दुकान संचालक एक महिला के साथ मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस को कसेकेरा की पुनियाबाई यादव ने बताया कि वह गांव में किराना दुकान चलाकर जीवनयापन करती है। 21 अक्टूबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने दुकान में थी, तभी गांव के मनीराम पटेल एवं उसका लड़का पन्ना पटेल और उसके साथ आए टोपराम निषाद ने डिस्पोजल एवं पानी पाउच उधार मांगा। इस पर मनीराम पटेल से कहा कि पहले का उधारी का पैसा दो, तभी सामान दूंगी। इस पर आरोपी मनीराम पटेल, उसका लड़का पन्ना पटेल एवं टोपराम निषाद तीनों मिलकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे, जिससे से चोट लगी है। मामले में धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चटाई को लेकर विवाद बैगा के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चुरूपाली में गौरी-गौरा पर्व के दौरान चटाई ले जाने को लेकर एक व्यक्ति ने गांव के बैगा के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी, मामले की रिपोर्ट पर तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को प्रार्थी दीनदयाल साहू पिता हीरा सिंह साहू ने बताया वह गांवकारी बैगा का काम करता है। गांव में गौरी गौरा रखा गया है। 21 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे गौरी गौरा को चटाई से ढंका गया था, इसी दौरान गांव के बंशीलाल ठाकुर ने आकर कहा कि यह चटाई मेरी और मैं इसको ले जाउंगा। तब प्रार्थी ने कहा कि अभी रहने दो बाद में ले जाना। इसी बात पर बंशीलाल ठाकुर ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में पहने कड़ा से बांये आंख के नीचे मारा।

### खेत देखने गए किसान को दंतैल ने कुचल डाला, मौत

**पिथौरा।** दीपावली के दिन जहां एक ओर लोग अपने परिवारों के साथ खुशियां मना रहे थे। वहीं हरदी गांव में खुशियों का यह पर्व एक दर्दनाक हादसे में बदल गया। स्थानीय किसान दंतैल हाथी के हमले का शिकार हो गया जिससे कनकू राम ठाकुर (65 वर्ष) की मौत मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कनकू राम ठाकुर दीपावली के दिन परिवार के साथ दोपहर का भोजन करने के बाद खेत की ओर गया। घरवालों से कहकर गया कि वो कुछ देर खेत की देखरेख कर शाम तक लौट आएगा। लेकिन, शाम लगभग चार बजे गांव में खबर पहुंची कि खेत के पास दंतैल हाथी ने उन पर हमला कर दिया है और उसे कुचल डाला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। परिवार की खुशी का माहौल देखते ही देखते शोक में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाथी खेतों की ओर भटककर पहुंच गया था।

## पर्व : मैनपुर में गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से संपन्न

# गोवर्धन पूजा पर विधायक ने पूजा अर्चना कर गौमाता को खिलाई खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

- यादव समाज की भव्य रैली और राउत नाचा बना मुख्य आकर्षण
- विधायक जनक ध्रुव सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में आज बुधवार को गोवर्धन पूजा धुमधाम के साथ मनाई गई मैनपुर नगर में यादव समाज द्वारा देवारी गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक जनक ध्रुव, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, अध्यक्षता सरपंच श्रीमती हनिता नायक, विशेष अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती कुमारी पटेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव,भाजपा मयक्ष संतोश यादव, मोहित द्ववेदी, ग्राम के झाकर किशन मरकाम विशेष रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ गौमाता को खिचड़ी खिलाकर किया गया और सहाड़ा देव की पूजा अर्चना की गई यादव समाज द्वारा भव्य रैली निकाली गई यह रैली गोहड़ीभाठा मैनपुर पहुंची जहां राउत नाचा, लाठीचाल, गोवर्धन पूजा व अनेक कार्यक्रम देर शाम तक जारी है वहीं कार्यक्रम का संचालन गैंदु यादव द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने सभी क्षेत्रवासियों को देवारी एवं गोवर्धन पूजा की बधाई देते हुए कहा यादव समाज द्वारा जो कार्यक्रम का अयोजन किया गया है वह अपने आप में एक मिशाल है आज गांव और क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है इस दौरान यादव समाज के गैंदु यादव ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्होने यादव समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रूदेश्वर साहू, रूपेश साहू, बाबूलाल साहू, नरेश सिन्हा, लखन साहू, मदन सेन, दयाराम यादव,उत्तम पटेल, सीताराम पटेल, सुखराम यादव, परमानंद पटेल, डोमार पटेल व मैनपुर तथा क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थें।



### भटगांव एवं मैनपुरकला में गोवर्धन पूजा का आयोजन

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से 5 कि.मी. दूर ग्राम भटगांव एवं मैनपुकला में गोवर्धन पूजा एवं दीपावली महोत्सव का आयोजन किया गया इस दौरान आज सुबह से मड़ई मेला में शामिल होने हजारों की संख्या में क्षेत्र के लोग पहुंचे। ग्राम पंचायत भाठीगढ के ग्राम भटगांव में गोधर्वन पूजा के अवसर पर दीपावली महोत्सव में गोधर्वन पुजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जंहा देवी देवताओं की विशेष पुजा अर्चना कर कलश यात्र निकाली गई, और देर शाम को गोवर्धन खुदाई गई सहाड़ादेव की पूजा अर्चना किया गया देवी देवताओं से आशिर्वाद लेने क्षेत्र भर के लोग उमड़ पड़े।

# सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

- तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर दोनों की मौके पर ही गई जान, क्षेत्र में शोक की लहर

आज बुधवार गोवर्धन पूजा के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसा में चाचा भतिजे की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई शव को अस्पताल तक लाने में देर शाम होने के कारण कल गुरूवार को पोस्टमार्डम किया जायेगा परिजन अस्पताल के सामने रोते बिखलाते नजर आए। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में मैनपुर से महज 12 कि.मी. दूर सिकासार जिरो चैन पांईट के पास मुख्य मार्ग में दो मोटर सायकल आपस में टकराने से ग्राम बनवापारा देवभोग निवासी अंकालूराम ओटी पिता डोमूराम ओटी उम्र 45 वर्श एवं उसके भतिजे टेकराम ओटी पिता तिलोराम ओटी उम्र 35 वर्श की मौत हो गई।

थाना से मिली जानकारी के अनुसार अंकालूराम ओटी एवं उसके भतिजे टेकराम ओंटी किसी काम के सिलसिले से अपने मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रमांक सी जी 23 एफ 3467 से गरियाबंद जा रहे थे कि अन्य मोटर सायकल से टकरा जाने से दोनो चाचा–भतिजे की दर्दनाक मौत हो गई दोनो की सिर में गंभीर चोट लगी है पुलिस द्वारा इस मामले पर कार्यवाही किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों युवक चाचा भतिजा अपनी बाइक रोककर सड़क किनारे शौच के लिए उतरे थे। उन्होंने बाइक को स्टैंड पर लगाकर कुछ दूरी पर ही कदम बढ़ाए थे कि अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही धवलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और फरार वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।



# पुत्र पर तीर चलाकर किया जानलेवा हमला, आरोपी पिता फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

- घायल युवक को रायपुर किया गया रेफर, फरार पिता की तलाश में जुटी पुलिस

गरियाबंद जिले से एक ऐसी खौफनाक वारदात सामने आई है जहां जोबा उरतुली गांव में एक पिता ही अपने बेटे का जानी दुश्मन बन बैठा और उसने अपने बेटे पर तीर से जा न ले वा हमला कर दिया। दरअसल पिता और पुत्र के बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी शुरू हुई लेकिन यह आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि कलयुगी पिता ने अपना आपा खो दिया और हैवानियत की हदें पार कर दीं गुस्से में अंधे पिता ने अपने ही बेटे पर तीर चला दिया तीर सीधे युवक के हाथ में जा धंसा और वहीं फंस गया इस जघन्य वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया। घायल युवक दर्द से तड़पता रहा परिवार के अन्य लोगों ने उसे फौरन लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया अस्पताल में जब डॉक्टरों ने युवक की हालत देखी तो वे भी हैरान रह गए तीर युवक के हाथ में बुरी तरह फंसा हुआ था। डॉक्टरों ने युवक का प्राथमिक उपचार शुरू किया लेकिन हाथ में फंसे तीर को निकालना बेहद जटिल था इसे निकालने के लिए ऑपरेशन की जरूरत थी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने घायल युवक को तत्काल रायपुर रेफर कर दिया उधर पुलिस ने इस पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है और उस फरार हैवान पिता की सरगमएँ से तलाश की जा रही है जिसने अपने ही बेटे की जान लेने की कोशिश की।



# छुरा व आसपास के गांवों में धूमधाम से की गई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

- परंपरागत श्रद्धा और उल्लास के साथ गायों को खिलाई गई खिचड़ी
- निकाली गई भव्य पताका यात्रा, क्षेत्र में भक्ति और भाईचारे का माहौल

दीपावली के दूसरे दिन नगर सहित आसपास के गांवों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। प्रातः काल से ही घर-घर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। लोगों ने स्नान-ध्यान के पश्चात नए धान के चावल से भात, बड़ा, पुरी, खीर एवं पारंपरिक व्यंजन तैयार किए। इसके बाद गायों का पैर धुलवाकर, माला और टीका लगाकर उन्हें खिचड़ी खिलाई गई।

अपने घर के गोठान में गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीकात्मक रूप बनाकर उसकी विधिवत पूजा की गई। दूध, दही, फल और मिठाई अर्पित कर लोगों ने गोवर्धन की आराधना की तथा भगवान श्रीकृष्ण से सुख, समृद्धि और वर्षभर के अच्छे मौसम की कामना की। पूजा उपरांत ग्रामवासी एकत्र होकर आरती और भजन में शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शाम के समय गांवों में पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ देवी-देवताओं की पताका यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु महिलाएं थाल सजाकर और पुरुष ढोल-मांदर की थाप पर नाचते-गाते हुए जुलूस में शामिल हुए। जुलूस को ग्राम के मुख्य मैदान में लाकर सामूहिक रूप से गोवर्धन पूजा की गई, जहां ग्राम के प्रमुखों और बुजुर्गों ने परंपरानुसार पूजा-अर्चना कर सभी को आशीर्वाद दिया।



### गौ-सेवा और गोवर्धन पूजा का दिया संदेश

पूरे क्षेत्र में दिनभर भक्ति, उल्लास और आपसी भाईचारे का माहौल रहा। विशेषकर यादव समाज के बंधुओं ने इस पर्व को परंपरागत ढंग से मनाते हुए गौ-सेवा और गोवर्धन पूजा का संदेश दिया। ग्रामीणों के अनुसार, आज रात्रि में और कल मातर पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा, जिसके लिए गांवों में विशेष तैयारियां चल रही हैं। महिलाएं गीत गाने और नृत्य की तैयारी में जुटी हैं, वहीं युवक वर्ग पारंपरिक खेल-कूद और आयोजन की तैयारी कर रहे हैं। यह पर्व न केवल गौ-पूजा और कृषि से जुड़ी आस्था का प्रतीक है, बल्कि लोगों के बीच सामूहिकता और एकता का संदेश भी देता है।

## बंजारा समाज की महिलाओं ने लोकगीत और नृत्य से सजाया पर्व

# मोंगरा में पारंपरिक आस्था के साथ धूमधाम से की गई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

- गोवर्धन पर्वत का प्रतीकात्मक निर्माण कर पूजा-अर्चना की गई

क्षेत्र के ग्राम मोंगरा में सोमवार को गोवर्धन पूजा का पर्व बड़ी श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा। ग्राम के बंजारा (नायक) समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर अपनी लोक बोली में "लड़ी गीत" गाए और समूह में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। गीतों में श्रद्धा, भक्ति और आनंद का भाव झलकता रहा, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय और जीवंत बन गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने गोबर से गोवर्धन पर्वत का प्रतीकात्मक निर्माण कर दूध, दही, फल, मिष्ठान और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। भगवान श्रीकृष्ण को धूप, दीप और नैवेद्य समर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और गांव की खुशहाली की कामना की गई। पूजा में बंजारा समाज के प्रमुख रामचंद्र नायक, रूपसिंह नायक, दशोराम नायक सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा और बच्चे उपस्थित रहे।




### ढोलक और थाली की थाप पर थिरकीं महिलाएं

महिलाओं ने इस मौके पर पारंपरिक ढोलक और थाली की थाप पर नाचते हुए "गोवर्धन पूजा" और "गौसेवा" से जुड़ी लोककथाएं गाईं, जो गांव की पुरानी परंपराओं की झलक पेश कर रही थीं। इसी के साथ मातर त्यौहार के अवसर पर ग्राम में "सुआ नृत्य कार्यक्रम" का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक सुआ गीतों के माध्यम से प्रेम, प्रकृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया। गीतों की गूंज और ताल की थाप से पूरा गांव उत्सवमय हो उठा। गांव के युवाओं ने भी इस मौके पर सामूहिक सहयोग से आयोजन को सफल बनाया। श्रद्धालु वृद्धों ने नवयुवकों को इस परंपरा को आगे बढ़ाने का आशीर्वाद दिया। पूरे मोंगरा ग्राम में दिनभर भक्ति, उल्लास और भाईचारे का वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे पर्व न केवल धार्मिक आस्था से जुड़े हैं, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और संस्कृति की निरंतरता का प्रतीक भी हैं।

# कार चालक ने मोटर सायकल सवार को मारी टक्टर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में मंगलवार को एक कार ने मोटर सायकल सवार को टक्कर मार दिया जिससे एक युवक की मौत हो गई मामला मैनपुर थाना क्षेत्र का है मार्ग से मैनपुर के तरफ आ रहे विधायक जनक ध्रुव के पुत्र एवं एनएसयुआई के प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव ने अपने वाहन से घायलो को जिला अस्पताल पहुंचाया और इलाज करवाया मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे मैनपुर गरियाबंद भीरालाट के पास मोटर सायकल सवार को कार सवार ने टक्कर मार कर भाग गया और घायलो को विधायक जनक ध्रुव के पुत्र चित्रंश ध्रुव ने अस्पताल तक पहुंचाया।



## खबर संक्षेप

### गौरा-गौरी विवाह और पूजन के बाद निकली शोभायात्रा



**महासमुंद।** दीपावली की रात छत्तीसगढ़ के में परंपरानुसार गौरी-गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। इस मौके पर शिव पार्वती के प्रतीक मिट्टी के बने गौरी-गौरा की स्थापना कर स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही पारंपरिक लोक गीतों और नृत्य के बीच गौरा गौरी विवाह संपन्न कराया गया। बाद गोवर्धन पूजन के दिन यानी बुधवार को गौरी-गौरा का विसर्जन हुआ। गौरी-गौरा पूजा की परंपरा मुख्यत आदिवासी समाज के बीच है प्रचलित है। लेकिन अन्य समाज के लोग भी उसमें शामिल होते हैं। इसमें दीपावली की रात कुम्हार के घर से गौरी-गौरा की प्रतिमा को लाकर एक निश्चित स्थान पर रखा जाता है और रातभर लोकगीतों और नृत्यों के बीच श्रृंगार और पूजा-अर्चना का कार्यक्रम चलता है। अगली सुबह गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें सर पर कलश के साथ गौरी-गौरा को लेकर महिला-पुरुष चलते हैं। साथ ही इसमें महिलाओं और युवतियों की टोली पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ताल पर नृत्य करते हुए चलती हैं। शहर सहित अंचल के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को गौरा गौरी विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया। 'ईशर' गौरी-गौरा का विसर्जन शाम तक कर दिया जाता है वहीं 'राज' गौरी-गौरा की विसर्जन यात्रा शाम को निकलती है और विसर्जन रात को किया गया।

## निधन

### हीराधर राम पुर्रे

फिंगेश्वर। समीपस्थ ग्राम बासीन निवासी हीराधर राम पुर्रे 78 वर्ष



(पूर्व प्रभारी प्राचार्य हायर सेकंडरी स्कूल भसेरा) का आकस्मिक निधन 20 अक्टूबर हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम बासीन में किया गया। वे तेजकुमार पुर्रे, उमेश पुर्रे, नरेन्द्र पुर्रे एवं अशोक पुर्रे के पिता थे।

# राजस्व टीम के साथ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा, 6 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम बिजराभाठा में राजस्व विभाग की टीम के साथ मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। जमीन के नक्शा सुधार के लिए मौका जांच करने गए पटवारी राजेंद्र डोंगरे और एक अन्य ग्रामीण हेमंत पटेल के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई, जिससे हेमंत पटेल के चेहरे पर चोट आई हैं।

घटना शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे की बताई जा रही है जब बिजराभाठा गांव में नायब तहसीलदार, पिथौरा के निर्देश पर गठित राजस्व टीम की मौका जांच के लिए पहुंची थी। पटवारी राजेंद्र डोंगरे ने पुलिस को बताया कि वे राजस्व निरीक्षक मुकेश साहू और पटवारी पूजा कुशवाहा के साथ आवेदिका मालती की जमीन के नक्शा सुधार की जांच के लिए मौके पर गए थे।



जांच के दौरान, राजस्व निरीक्षक ने दोनों पक्षों को वर्तमान नक्शा के अनुसार चिन्हांकन बताया। इसी बीच, धनुर्जय पटेल ने नक्शा गलत काटे जाने का आरोप लगाते हुए पटवारी राजेंद्र डोंगरे के साथ गाली-गलौज कर हाथ से मारपीट की। इसके बाद गीता प्रसाद, बसंत पटेल, सुरेश पटेल, प्रेमशंकर और मालती पटेल समेत अन्य लोगों ने भी पटवारी के साथ गाली-गलौज और वाद-विवाद किया, जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। इसी विवाद के दौरान सुरेश एवं बसंत ने जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए दूसरे पक्ष के हेमंत पटेल के साथ भी हाथ-मुक्का और चप्पल से मारपीट की। सांकरा पुलिस ने शिकायतकर्ता पटवारी राजेंद्र डोंगरे की रिपोर्ट पर धनुर्जय पटैल, गीता प्रसाद पटेल, सुरेश पटेल, प्रेमशंकर पटेल, बसंत पटेल, और मालती पटेल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2), 121(1) और 191(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया। पुलिस ने 6 आरोपियों सुरेश पटेल पिता स्व. मृत्युंजय पटेल, प्रेम शंकर पटेल पिता पितांबर पटेल, बसंत पटेल पिता कुंज बिहारी पटेल, धनुर्जय पटेल पिता राधेलाल, गीता प्रसाद पिता राधे लाल, मालती पटेल पिता रवि लाल, सभी निवासी लोहरीनडोंगरी को गैर-जमानती विभिन्न धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# टार्च दिखाने पर युवक पर चाकू से हमला

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में टार्च दिखाने पर हुए विवाद के चलते एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड 18 निवासी चंद्रध्वज सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर की रात करीबन 9.30 बजे वह घर में था, उसी समय उसके लड़के भेसराज सिंह को उसके दोस्त रवि पटेल और डगेश्वर साहू लेकर आये। इस दौरान भेसराज के दाहिने ओर कमर के ऊपर में चोट लगने खून निकल रहा था, जिसे तुरंत एंबुलेंस में बिठाकर इलाज के लिये खरोरा अस्पताल महासमुंद लाया गया। घटना को लेकर उसके दोस्त रवि पटेल को बताया कि रात्रि करीबन 9 बजे वह, डगेश्वर साहू और भेसराज सिंह हाई स्कूल मैदान के पास बैठे थे, कुछ समय बाद मोटर सायकल से कीर्ति सतनामी, शुभम सतनामी और शुभम धीवर आए, जिसको देखकर भेसराज टार्च दिखाने लगा, इसी बात को लेकर आरोपी कीर्ति सतनामी, शुभम सतनामी और शुभम धीवर तीनों ने एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की नीयत से कीर्ति सतनामी द्वारा टार्च दिखाने वाले कौन है, कहकर गले में चाकू टिका दिया और भेसराज की कमर में चाकू मार दिया, इसके बाद तीनों भाग गए। मामले को लेकर आरोपियों के विरूद्ध धारा 118(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मारपीट के एक अन्य मामले में नयापारा के मकसूद खान ने सिटी कोतवाली पुलिस को बताया कि 21 अक्टूबर को वह घर में था, इस दौरान उसका छोटा भाई मंसूर खान मोहल्ले में गया था, जहां पर शाम के 6 बजे के आसपास उसके भाई मंसूर खान को संजय यादव लेकर घर आया। इस दौरान उसके भाई ने बताया कि शुभम पुरी गोस्वामी द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर अटल चौक के पास गाली गलौज मारपीट करते हुए और जान से मारने की धमकी देकर सिर में चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## मुलाकात ...



**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गरियाबंद जिला के पूर्व उपाध्यक्ष कोऑपरेटिव सोसाइटी गरियाबंद जिला महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने छत्तीसगढ़ के पूर्व गृह मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सड़क किनारे खड़े युवकों को बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक की टक्कर से सड़क किनारे खड़े दो लोगों में एक की मौत हो गई। वहीं एक घायल है।

- घायल का इलाज बसना अस्पताल में चल रहा

मामला ग्राम गढ़पटनी का है। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को जितेंद्र प्रधान ग्राम बिछिया ने बताया कि 20 अक्टूबर को उसका भतीजा तोशेष प्रधान अपनी मोसा पल्सर सीजी 06 एचडी 4600 में अपने साथी मनीष यादव, बबलू डोंगरे के साथ काम से गढपटनी गया था।

जब बसना की ओर वापस आने के दौरान रास्ते में ईंट भट्ठा गढ़पटनी के पास पहुंचकर रूके, इस दौरान तोशेष प्रधान व बबलू डोंगरे रोड किनारे खडे थे, उसी समय बसना की ओर से आ रही बिना नंबर पल्सर के चालक मनीष तमील निवासी गढ़पटनी के द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे तोशेष प्रधान के माथे, सिर, सीने एवं बांए पैर में तथा बबलू डोंगरे के दोनों पैर में चोट आई है। जिन्हें इलाज हेतु शासकीय अस्पताल बसना लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा तोशेष प्रधान को चेक करने पर मृत्यु हो जाना बताया। वहीं बबलू डोंगरे का शासकीय अस्पताल बसना में ईलाज चल रहा है। मामले में आरोपी बाइक चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्ही. एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# विधायक ने गौमाता को खिलाई खिचड़ी







**राजिम।** राजिम विधायक रोहित साहू ने दीपावली पर्व में मां लक्ष्मी जी ,श्री गणेश जी, श्री हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर अपने गृहग्राम पीपरछेड़ी में गौ माता को सपरिवार खिचड़ी खिलाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक श्री साहू ने क्षेत्रवासियो को दीपावली पर्व की बधाई दी।





**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू अपने परिवार के साथ गोवर्धन पूजा कर गौ माता को खिचड़ी खिलाई और सुख शांति के लिए मंगल कामना किया।



## खबर संक्षेप

### खैरझिटी में मातर महोत्सव आज

**मुड़गांव (कोरासी)।** छुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत खैरझीटी में मातर महोत्सव आज मनाया जा रहा है जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर के मुख्य आतिथ्य व जनपद अध्यक्ष प्रतिनिध की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुखबती टाण्डे ,जसप्रीत सिंह (हैप्पी), उपसरपंच, ग्राम पं. मड़ेलीडेमेश्वर दीवान, सरपंच, ग्राम पं. खैरझिटी , बलीराम ठाकुर, पहाड़सिंह विशाखाबाई भूतपूर्व सरपंच, ग्राम पटेल मनोहर सिंह ध्रुव, व, ग्राम पंचायत खैरझिटी के समस्त पंचगण मौजूद रहेंगे। वही रात्रिकालीन कार्यक्रम शिवशक्ति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खैरागढ़ धनवार, राजनांदगाव (छ.ग) का आयोजन किया गया है।

### सेंदर में मातर महोत्सव आज

**छुईहा बेलर।** सेन्दर मे प्रतिवषानुसार इस वर्ष भी दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर आज मातर महोत्सव के उपलक्ष्य विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू ने बताया कि मातर महोत्सव मे सुबह 10 से 12 बजे तक अनेक युवा नाच मंडली की प्रस्तुति,दोपहर 12 से 3 बजे तक छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच जगराता सांस्कृतिक संस्था ग्राम झलप का मनोरंजन गीत संगीत , रात्रिकालीन 9 बजे मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी जगदल्ला भूरकोनी का कार्यक्रम रखा गया है । इससे पहले ग्राम कुण्डेल में 22 अक्टूबर को गोवर्धन पुजा के तहत गृह पशुधन का पुजा कर खिचड़ी खिलाया गया।

### मैनपुर क्षेत्र में दो लोगों को सर्प ने डंसा, इलाज जारी

**मैनपुर ।** क्षेत्र में दो लोगो को सर्प ने काट दिया समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुचाने से दोनो की तबियत पहले से ठीक है मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उदंती निवासी फगनी बाई पति गंगे"वर हरपाल उम्र 50 वर्श अपने घर में काम काज कर रही थी कि अचानक बोरे से निकल कर एक सर्प ने महिला को काट लिए जिसका उपचार मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर ग्राम बम्हनीझोला निवासी प्रदीप यादव को भी सर्प ने काट लिया जिसका उपचार मैनपुर में किया जा रहा है समय पर अस्पताल लाने के कारण दोनो की तबियत बेहतर है।

### पटाखे से झुलसे चार बच्चे, इलाज जारी

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में दिपावली पर्व पर फटाखे जलाते समय चार बच्चे झुलस गए जिसका इलाज अस्पताल में किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार प्रतिक उम्र 10 वर्श नवमुड़ा निवासी फटाखा जलाते समय हाथ जल गया जिनका इलाज मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है वहीं बरदुला बोरीगांव निवासी कुमार, दिलीप और राधिका फटाखे में जलने से उनका उपचार किया जा रहा है।

### उरमाल में आतंक मचाने वाला धारदार तलवारधारी गिरफ्तार

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के उरमाल में आतंक मचाने वाला तलवारधारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया मिली जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर 2025 को थाना देवभोग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उरमाल बाजार चौक में एक व्यक्ति हाथ में धारदार तलवार लेकर लोगों को धमका रहा है और भय का माहौल बना रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवभोग के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। मौके पर पहुँचकर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम महेश नागेश पिता तुकाराम नागेश, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम उरमाल, थाना देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.) बताया। आरोपी के पास से एक धारदार लोहे की तलवार बरामद की गई। आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने गवाहों के समक्ष तलवार को ज़ब्त कर शीलबंद किया। आरोपी का कृत्य धारा 25 आर्म्स एक्ट का अपराध पाए जाने पर थाना देवभोग में अपराध क्रमांक 299/25 दर्ज कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

**पर्व :** दीपावली पर नवापारा-राजिम में उमड़ा उल्लास, बाजारों में लाखों की खरीदारी

# धूमधाम से मना दीपावली पर्व मिठाई खिलाकर दी शुभकामनाएं


हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नवापारा-राजिम सहित समूचे अंचल में दीपावली का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोग अपनी खुशियों का इजहार आतिशबाजी करके करते रहे। त्योहार के दौरान पूरा सदर बाजार और गंज मार्ग के सभी व्यवसायिक सेंटर बिजली के झालरों और जगमग लाईटों से जगमगाते रहा। इस पर्व का उमंग और उत्साह स्पष्ट नजर आ रहा था। समूचे शहर में हर तरफ हर मार्ग हर दुकानों में मेले के माफिक भीड़ नजर आया। लोग जमकर खरीददारी किए। भीड़ को देखकर खासतौर से ज्वेलरी, इलेक्ट्रानिक, कपड़ा और फर्नीचर मार्ट के व्यवसायियों के अलावा होटल संचालको के चेहरे खिल गए। देर रात तक लोग खरीददारी करते रहे। पिछले तीन दिनो से महिलाओं और युवतियों की भारी भीड़ सुबह से लेकर देर रात तक खरीददारी करने के लिए शहर में नजर आई। हर किसी के हाथ में बड़ा-बड़ा थैला देखने को मिला। सोने-चांदी और कपड़ा की खरीदी के बाद लोग मां लक्ष्मी जी की फोटो से लेकर फटाका दुकानों में खरीददारी करते नजर आए। हर किसी का चेहरा पर्व को लेकर उत्साहित रहा। कई हजारो हजार की संख्या में लोग लक्ष्मी पूजा और दीपावली के शुभ मुहुर्त में कुछ न कुछ खरीदी करने के लिए बाजार में घूम रहे थे।

- सोना-चांदी से लेकर रेडीमेड ठेले तक जमकर हुई खरीदारी

### भगवान श्री राजीव लोचन का मनमोहक यदुवंशी श्रृंगार, 56 भोग लगाया गया



**राजिम।** दीपावली के अवसर पर भगवान श्री राजीव लोचन का विशेष श्रृंगार यदुवंशी के मनमोहक रूप में किया गया था। इस अवसर पर भगवान को 56 भोग लगाया गया। मंदिर में पूजा-अर्चना करने श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ देखने को मिली। आसपास के तमाम गांव से लोग श्री राजीव लोचन का दर्शन करने पहुंचे हुए थे।

### तीन दिन में ही समाप्त हुआ 80 फीसदी माल

महिलाओं की भीड़ ज्वेलरी शॉप के अलावा साड़ी सेंटरों में भी रही। नवयुवकों और लड़कियों की भीड़ जीन्स, टी शर्ट, टॉप, शर्ट लेते हुए दिखी। इस बार पुल के पास फुटपाथ में लगे रेडिमेड के सभी ठेलों में भीड़ इतनी बेकाबू रही कि दुकानदार ग्राहकों को कपड़े दिखाने में असमर्थ नजर आ रहे थे। भयंकर भीड़ के कारण चिल्लपो मचा हुआ था। इन दुकानदारों के 80 फीसदी माल सिर्फ तीन दिन में ही समाप्त हो गया। फुटपाथ की भीड़ ने शहर के अच्छे-अच्छे रेडिमेड सेंटरों को फेल कर दिया।

### खिले-खिले नजर आए व्यवसायियों के चेहरे

अनुमान लगाया जा रहा है कि नवापारा-राजिम मार्केट में विभिन्न व्यवसायिक सेंटरों को मिलाकर कई करोड़ों रुपए की खरीदी-बिक्री हुई है। इससे व्यवसायियों के चेहरे खिले-खिले नजर आया है। सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के सड़कों और कमोवेश ज्वेलरी शॉप, इलेक्ट्रॉनिक दुकान और कपड़ा मार्केट में भीड़ तबियत से रही। सोने-चांदी के जेवरात खरीदने में लोगों को काफी उत्साहित देखा गया है। लोगों की पहली पसंद सोने के जेवरात रहे।

# गौरा-गौरी महोत्सव में निभाई गई पुरातन परंपरा



**राजिम।** दीपों के पर्व दीपावली जहां धन की देवी लक्ष्मी जी की पूजा और आतिशबाजी के बीच हर्षोल्लास से मनाया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में लोक परंपराओं की जीवंत झांकी नजर आई। इस लोक पर्व में ग्रामीण भगवान शिव गौरा और माता पार्वती गौरी की मिट्टी की मूर्तियां बनाकर मनमोहक झांकी निकाली तथा मादर की थाप पर गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव में घूमाए और गांव के बीच चौक में स्थापित की गई। परंपरा के अनुसार गौरा गौरी की शादी की रस्म समाज के लोगो के द्वारा निभाई गई। गांव के स्त्री पुरुषों युवक ,युवतियो और बैगा मिलकर पारंपरिक गीत और पूजा अर्चन के माध्यम से गौरा गौरी को जगाते रहे। यह अनुष्ठान केवल एक रात का ही होता है। जिसमें कई लोग भगवान गौरा गौरी के पास रहकर जुआं या खड़खड़िया खेलते हुए नजर आते हैं और रात जागरण करते हैं। बहुर राम ध्रुव एवं जगतराम निर्मलकर ने बताया कि इस पर्व को भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के विवाह के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। आदिवासी गोड़ समाज इस आयोजन को विशेष रूप से मनाते हैं क्योंकि उनके विश्वास में शिवजी को बुढ़ा देव के रूप में पूजा जाता है।

# पटाखे पाकर बच्चों के खिले चेहरे, खुशियों से गूंज उठा मोहल्ला

**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने परंपरा को निभाते हुए छोटे-छोटे बच्चों के साथ दिवाली मनाई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर तथा नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने अपने हाथों से छोटे-छोटे बच्चों को पटाखे वितरित किए। लाला साहू ने बच्चों का गुलाल से स्वागत किया तथा मुंह मीठा कराके उन्हें पटाखों के पैकेट वितरित किए। पटाखे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और पूरा वातावरण खुशियों की गूंज से भर गया।

सुरसुरी, चुटचुटिया, अनार, चकरी, टॉपअप जैसे पटाखे पाकर बच्चों ने दीपावली का भरपूर आनंद लिया। बता दें कि विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यकर्ता लाला साहू लक्ष्मी पूजा के दिन मोहल्ले के सैकड़ों बच्चों के साथ इस अनोखे तरीके से दिवाली मनाते आ रहे हैं। वे हर वर्ष बच्चों को अपने घर आमंत्रित कर उन्हें पटाखे भेंट करते हैं, जिससे बच्चों में उल्लास और अपनापन बना रहता है।

- लाला साहू ने बच्चों संग मनाई दीपावली
- विगत वर्षों से निभा रहे परंपरा, दीपावली को बना रहे संस्कार पर्व

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर ,पूर्व अध्यक्ष भोले साहू, सचिव राजू साहू, संगठन मंत्री विष्णु साहू, तरुण साहू, प्रकाश कुलदीप, मनीष कुलदीप, प्रांसी साहू, जांसी साहू, प्रांशु साहू, यांशु साहू सहित कई समाजजन उपस्थित थे। लाला साहू ने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपावली का सच्चा अर्थ है खुशियाँ बाँटना और प्रेम का दीप जलाना। जब बच्चे मुस्कुराते हैं, तभी दिवाली पूर्ण होती है। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू का यह पहल समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और संस्कार की मिसाल पेश करती है।*



# दीपों से सजा फिंगेश्वर, दो दिन तक मना दीपावली पर्व



**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल मे 20 एवं 21 अक्टूबर को दीपावली का पर्व महालक्ष्मी माता एवं गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर हर्शोउल्लास के साथ मनाया गया। घर दूकानों मे मिट्टी के दिये सजाकर दीप प्रज्वलित कर घर के कोणे कोणे से अंधकार भगाया गया। वहीं पर बच्चों ने जमकर फोडे. फटाखे। नगर मे दीपावली पर्व 20 एवं 21 अक्टूबर को मनाया गया। लोगों ने घरों के बाहर रंगोली सजाया वहीं पर दीपक जलाकर जमकर फटाके फोडे। यही क्रम दोनो दिन चलता रहा।

पर्व को लेकर लोगो ने दो तीन दिनों मे जमकर खरीददारी की। मोटर सायकिल दूकानों मे बिक्री इस कदर रही जिसके चलते मोटर सायकिल की कमी पड़ गई। वेट एवं वांच के हिसाब से लोग खरीददारी करते रहे। पर्व को लेकर महंगाई एवं प्रदूशण को लेकर इस बार फटाकों की आवाज दबी दबी रही। एक हद तक ही लोगो ने फटाखे फोड़े। 22 अप्रेल को गोवर्धन पूजा के दिन भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए लोगो ने अपनी सेहत एवं सुरक्षा की कामना की। एक दूसरे को गोबर का तिलक लगाया। गोधनों को खीचड़ी का प्रसाद खिलाया गया। लोगों ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई देकर पर्व का रस्म निभाया।

# भव्य शोभायात्रा निकाली किया गौरा-गौरी विसर्जन





**नवापारा-राजिम।** नगर में दीपावली पर्व के दौरान गौरा चौरा में बाजे-गाजे के साथ गौरा-गौरी की स्थापना कर रात भर पूजन-अर्चन किया और सुबह शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया। विसर्जन के लिए महिलाएं व युवक सिरों पर गौरा-गौरी की मूर्ति, कलश व पूजन सामग्री धारण किए बाजे-गाजे के साथ निकले। रास्ते में संकल्प लिए युवा एवं बुजुगार्् ने अपने दोनों हाथों को सोटा लगवाया। ईधर मवेशी पालकों ने गायों को सोहाई बांधकर खिचड़ी खिलाई। शाम को साहड़ा चौक पर ग्रामीणों की भारी भीड़ के साथ सामुहिक गोवर्धन पूजा कर एक दूसरे के मस्तक पर गोबर का टीका लगाकर पर्व की बधाई दी।

# धन्वंतरि जयंती पर वरिष्ठ चिकित्सकों और विशिष्टजनों का हुआ सम्मान

**नवापारा-राजिम।** शहर के 75 वर्ष पुराने स्थानीय सदर रोड स्थित वैद्य भंवरलाल जैन दवाखाना में धनतेरस को चिकित्सा विज्ञान के पितामह भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई गई। आयोजन का यह लगातार 47वाँ वर्ष था। इस अवसर पर पं ब्रह्मदत्त शास्त्री ने मंत्रोच्चारण किया। अस्पताल के संचालक अनुभवी नाड़ी वैद्य डॉक्टर राजेंद्र गदिया परिवार द्वारा कार्यक्रम में नगर के विशिष्ट जन डॉक्टर बलजीत सिंह ,राज्यपाल सम्मान से पुरस्कृत शिक्षिका दीप्ति मिश्रा गंडेचा ,महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुमित गंडेचा ,वरिष्ठ शिक्षक राज्यपाल पुरूस्कार से सम्मानित गोपाल यादव ,समाजसेवी विवेक शर्मा ,ब्रह्मा कुमारी बहने ,राजू काबरा ,जैन समाज के वरिष्ठ पंडित ऋषभ शास्त्री ,डॉ दिलीप शाह, डॉ प्रतीक, डॉ प्रकाश गुप्ता, डॉ उमा, डॉ हिरौंदिया,, डॉ तेजेंद्र, डॉ सस्वर्णजीत, डॉ अनुज, डॉ अदिति बंगानी, डॉ टहनी पहाड़िया, डॉ लीलाराम साहू, डॉ के आर सिन्हा, डॉ टी एन रमेश, डॉ विजय शर्मा, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता सहित अन्य लोगो का स्वागत सम्मान किया गया।



# शराब दुकानों में लगी भीड़, गांव-गांव में चल रहा खड़खड़िया-जुआ

**नवापारा-राजिम।** हिंदुओ का सबसे बड़ा पर्व दीपावली का जश्न चल रहा है। पिछले तीन दिनों से लोग इस पर्व का भरपूर आनंद ले रहे हैं। 18 अक्टूबर को धनतेरस के बाद 20 अक्टूबर लक्ष्मी पूजा-दीपावली तक सारे लोग बाकायदा व्यवसायिक सेंटरों में जहां काम करते हैं डयूटी में आए।पूजा-पाठ में भाग लिए। इसके बाद कल 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा हुआ और आज 23 अक्टूबर को भाईदूज मनाया जाएगा। इस तरह त्यौहार बदस्तूर जारी है। लोग काम पर लौटे नहीं है लगता है पूरे सप्ताह भर की छुट्टी मारने के बाद ही लौटेंगे। देखने में आ रहा है कि लोगों को अभी जुआ और शराब ही भा रहा है। छांटा रोड के अंग्रेजी एवं देशी शराब दुकान में मेले के माफिक लोगों की भीड़ बनी हुई है। गांव-गांव में जुआ और खड़खड़िया चल ही रहा है। इसके साथ ही मारपीट,गाली-गलौच, हुड़दंग, बत्तमीजी, की खबरे भी सामने आ रही है।एसआई सुनील कश्यप के मुताबिक नवापारा थाना क्षेत्र के जौंदा, परागांव, घोंट में मारपीट की घटना हुई है। इसकी जांच की जा रही है।बता दें कि दर्जनो ऐसे गांव भी है जहां इस तरह की घटनाएं हुई है परंतु रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने तक नही पहुंचे है।

# स्ट्रीट लाईट की रौशनी से जगमगाया गोहरापदर

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर ग्राम पंचायत में नेशनल हाईवे 130 सी किनारे लगाए गए स्ट्रीट लाईट को दिपावली पर्व पर प्रारंभ किया गया दुधिया लाईट की रौशनी से गोहरापदर का मुख्य मार्ग जगमगा उठा।



**खडमा के ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र में धूमधाम से मना दीपावली पर्व**

# प्रकाश की दुनिया में आना ही दीपावली है : अंशु दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़गांव (कोरासी)



खड़मा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र के ओम शांति भवन में दीपावली उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने दीपावली उत्सव मनाते हुए श्रद्धालुओं से कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला त्योहार है।

दीपावली का संदेश है कि घर की साफ-सफाई के साथ-साथ आत्मा की भी सफाई करना जरूरी है। कलियुगी रूपी अंधकार की दुनिया में परमपिता परमात्मा से आत्मा का संयोग कर प्रकाश की दुनिया में आना ही दीपावली है। अंधकार से प्रकाश की ओर जाना मनुष्य से देवता बनने जैसा है। रामराज्य की संकल्पना ही है कि मनुष्य और जीव सभी कष्टों से मुक्त होंगे। प्रातः 8:00 बजे से ही दूर दराज गांव से संस्थान के सदस्यों का आवा जाहि लगा रहा। बहनों ने रंगोली सजाई तो माताओं ने दीप प्रज्वलित कर आध्यात्मिक वातावरण में दीप पर्व मनाए वही संस्था की संचालिका ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने बच्चों के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए केक काट कर सब को शुभकामनाएं दी।

### ये रहे मौजूद

*वरिष्ठ सदस्य अगहन सिंह ठाकुर,उपेंद्र चंद्राकर, यादराम साहू,गोविंद,एवं सज्जन यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए दीपावली पर्व की बधाई दिए। ब्रह्माकुमारी चंद्रिका, बी के नम्रता,बीके मंजू एवं अलका बहन ने सभी का मुख मीठा कराए व भाई बहन के स्नेह के प्रतीक भाई दूज का निमंत्रण दिया इस अवसर पर, खड़मा मुख्यालय के साथ साथ मेडली,पिपरछेड़ी, गायडबड़ी, करचाली, कनेशर, छुरा,से ब्रह्मकुमारीज पाठशाला के सदस्य गण मौजूद रहे।*

